कुल अंक - 80

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2018-19

9|6|18

केंद्रीय विद्यालय वायुसेना बागडोगरासमय 2 ½ घंटा

कक्षा सातवी विषय हिंदी

निर्देश .1.इस प्रश्न पत्र के चार खंड है क,ख,ग,घ

2.चारों खंड के प्रश्नोंकेउत्तरअनिवार्य है।

3.यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश दीजिए

खंड - क

प्रशन.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रशन के उत्तर दीजिए।1x5=5

पूनम की रात थी|सड़क पर तेज चांदनी फैली थी| मैं धीरे -धीरे टहल रहा था| अचानक मुझे सीटी की आवाज सुनाई पड़ी| पहले मैंने सोचा यहकोई मुझ जैसे ही देर शाम को सैर करने वाला लड़का है। सीटी की आवाज़ ऊची और प्रसन्नत्ता भरी थी| अचानक साइकिल पर सवार एक लड़का मेरी बगल से तेजी से गुजरा। मै उसका चेहरा देख नहीं पाया। कुछ ही मिनट में वह वापस लोट आया।

क) सड़क पर क्या फैली थी?

ख) सीटी की आवाज कैसी थी?

ग) साइकिल पर कौन सवार था?

घ) दुबला-पतला कौन सा समास है?

ड़)'जल्दी' का विलोम शब्द क्या है?

प्रश्न.2 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।1x5=5

मनु नहीं, मनु-पुत्र है यह सामने जिसकी
कल्पना की जीभ में भी धार होती है
बाण ही होते विचारो के नहीं केवल
स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है
स्वर्ग के सम्राट को जाकर खबर कर दे
रोज ही आकाश चढ़ते जा रहे है वे,

Scanned by CamScanner

रोकिय,जैसे बने इन स्वप्नवालो को

स्वर्ग की ही ओर बढते आ रहे वे

क) कवि के अनुसार किसकी जीभ में तेज धार होती है?

ख) किसके हाथ में तलवार होती है?

ग) कौन स्वर्ग की ओर बढते चले जा रहे है?

घ) आकाश का विलोम क्या है?

ङ) विचारो के ----- ही नहीं होते । (में रिक्त स्थान भरे)

खंड - ख

प्रश्न.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए-

क) द्विगु समास के दो उदाहरण दीजिए |2

ख) दो वाक्य बनाएं जिनमें इन शब्दों का प्रयोग हो-2

बनते-बनते,लेते-लेते

ग) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए 2

दस्तक देना,घर करना

घ)'दोस्त' और 'कठिन' का विलोम शब्द लिखिए?2

ङ)निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए। 2

1)मुझको पढना है|

2)मेरे को जल्दी जाना है|

च)समस्तपद का विग्रह करके समास का नाम लिखिए2

राजमहल, नीलकंठ

छ) अशुद्ध वर्तनी को शुद्ध कीजिए2

लैटरबकस,चीलम

ज) 'हथ' से दो शब्द बनाए1

खंडग

निम्नलिखित गद्यांश कोपढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिय-1x5=5

माधवदास ने अपनी संगमरमर की नयी कोठी बनवाई है
उसके सामने बहुत सुहावना बगीचा लगवाया है| उनको कला से बहुत प्रेम है|
धन की कमी नहीं है और कोई व्यसन छु नहीं गया है|सुन्दर अभिरुचि के आदमी है| फूल-पौधे,
फवारो में उछलता हुआ पानी उन्हें बहुत अच्छा लगता है|

क) किसने संगमरमर की कोठी बनवाई?
ख) मधावदास को किससे प्रेम है?
ग) 'सुमन' का पर्यायवाची शब्द क्या है?
घ) 'बुरा' किसका विलोम शब्द है?
ङ) कोठी के सामने किया लगवाया?

प्रश्न.5 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिये गए प्रश्नों का उत्तर दीजिय-1x5=5

कठपुतली
गुस्से से उबली
बोली ये धागा
क्यों है मेरे पीछे-आगे?
इन्हे तोड़ दो:
मुझे मेरे पावो पर छोड़ दो ।

क) कौन गुस्से से उबली?
ख) गुस्सा का क्या अर्थ है?
ग) कठपुतली के आगे -पीछे क्या है?
घ) आगे का विलोम क्या है?
ङ) कठपुतली किसे तोड़ देने की बात कहती है?

प्रश्न.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए3x5=15

क)रक्त के बहाव को रोकने के लिये क्या करना चाहिए?
ख)नाटक में आपको सबसे बुद्धिमान कौन लगा और क्यों?
ग) माधवदास कौन था?किन बातो से ज्ञात होता है कि वह सुखी नहीं है?
घ)पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतली को क्यों अच्छी लगी?
ङ)यासुकीचान को अपने पेड़ पर चढाने के लिये तोतोचान ने क्यों प्रयास किया?

प्रश्न.7 नीचे दिए गये शब्दों के अर्थ लिखिए- 1x6=6(कोई छह)

Scanned by CamScanner

संभ्रांत,स्वर्ण,उन्मुक्त,दहक,प्रतिदान,मुदित,साफा

प्रश्न.8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बालमहाभारत पूरक पुस्तक के आधार पर दीजिए-3X3=9

क) द्रोपद के पिता का क्या नाम था? द्रोपदी स्वयंवर में भाग लेने के लिए कहाँ-कहाँ से राजकुमार आये थे?

ख) सुरंग बनाने वाले कारीगर को किसने पांडवों के पास भेजा और क्यों?

ग) राजसूय यज्ञ करके युधिष्ठिर कौन सा पद प्राप्त करना चाहता था?तथा यह यज्ञ कौन सा राजा कर सकता है?

अथवा

भीष्मपितामह और आचार्य द्रोणाचार्य ने दुर्योधन से क्या कहा?

खंड-घ

प्रश्न.9 मित्र को परीक्षा में सफलता के लिये बधाई पत्र लिखिए |5

प्रश्न.10.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखिए |10

क) समय का सदुपयोग ख)समाचार पत्र का महत्व

Scanned by CamScanner